हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025





## खबर संक्षेप

### शिक्षक कला व साहित्य अकादमी का दुर्ग में वार्षिक सम्मेलन 9 को

**बिलाईगढ़।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन 9 मार्च को सुबह 10 बजे भारती विश्वविद्यालय पोटिया रोड पुलगांव दुर्ग में संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में किया जाएगा। संयोजक शिवनारायण ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, अति विशिष्ट अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग, विशिष्ट अतिथि श्रद्धा साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री उपस्थित रहेंगे।

### सोनू को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सोनू कुमार मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा अध्ययन की परंपरा और डॉ.विनय कुमार पाठक विषय पर हिंदी में शोध किया है। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सविता मिश्रा वर्तमान में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम, जिला गरियाबंद में बतौर प्राचार्य पदस्थ हैं।

### गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

### मुख्य मार्ग से हटाये ठेले, गुमटी

**रायपुर।** जोन 5 के नगर निवेश विभाग द्वारा पुलिस थाना बल यातायात विभाग के सहयोग से श्रमिको की टीम सहित आमापारा चौक से अनुपम गार्डन तक अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित मार्ग से 7 ठेले हटाये, 2 ठेलों को जप्त कर लिया। साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर 3 हजार रुपये जुर्माना किया।

## आयोजन : ग्राम हरदी में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेंगची चैम्पियन, लिंगियाडीपा रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

- अंचल की 11 टीमों के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

ग्राम हरदी में स्वर्गीय मुरलीधर प्रधान स्मृति में 20वीं ग्रामीण ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेंगची चैम्पियन बनीं। लिंगियाडीपा उपविजेता रही। प्रतियोगिता का आयोजन ओम युवा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में किया गया।

प्रतियोगिता मुख्य अतिथि सरपंच सरोजिनी जयकृष्ण प्रधान थे। अध्यक्षता गाताडीह सरपंच अमर सिंह नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छातापठार सरपंच पुरुषोत्तम साहू, घरजरा सरपंच उदितराम साहू, भंड़ीसार सरपंच धनुर्धर पटेल उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस अंचल के 11 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला बेंगची एवं लिंगियाडीपा के मध्य खेला गया। जिसमें बेंगची ने लिंगियाडीपा को 20–25, 30– 28, 15–8 से पराजित कर चौंपियन बना। पुरस्कार वितरण समारोह मनपसार सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी सेतु प्रसाद साहू के मुख्य अतिथ्य एवं धनगांव सहकारी समिति प्राधिकृत अध्यक्ष श्रीमती रामशिला साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विजेता टीम बेंगची को स्व. मुरलीधर प्रधान की स्मृति में युगल किशोर प्रधान द्वारा 7000 नकद राशि एवं ट्राफी प्रदान किया गया। उपविजेता लिंगीयाडीपा को स्व. प्रेमलाल साहू की स्मृति में अमरनाथ साहू द्वारा 5000 नकद एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार के रॉका को मिला। द्वितीय दिवस ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ओम यूवा स्पोर्ट्स क्लब हरदी, बिलासपुर फाइटर, अंधियारखोर एवं वेस्टर्न उड़ीसा टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन केड़ार मंडल अध्यक्ष दीपक साहू के हाथों संपन्न हुआ। फाइनल मैच वेस्टर्न उड़ीसा एवं हरदी के मध्य खेला गया जिसमें वेस्टर्न उड़ीसा में हरदी को 25–13, 16 –25, 16–14 से हराकर चौंपियन बना। विजेता टीम को स्वर्गीय मुरलीधर प्रधान की स्मृति में युगल किशोर प्रधान द्वारा 7000 एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम को स्वर्गीय बष्टम साहू की स्मृति में कैलाश साहू द्वारा 5000 एवं ट्रॉफी दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज यशवंत गुप्ता हरदी एवं मैन ऑफ द फाइनल मैच शोएब , बेस्ट अटेकर निहाल, बेस्ट लिब्रो सुमन उड़ीसा, बेस्ट सेंटर जीतेन, बेस्ट ब्लाकर पदमन यादव हरदी को एवं उदयमान खिलाड़ी रामरतन वर्मा बिलासपुर को श्रीमती शिव कुमारी अनिल साहू सदस्य जिला पंचायत सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मुख्य अतिथ्य में एवं बदरुद्दीन भूतपूर्व सैनिक की अध्यक्षता एवं अवधेश बारीक खनिज अधिकारी के विशिष्ट अतिथ्य में पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक सुशांत साहू झर, नारायण डड़सेना अमाभना, अक्षय प्रधान लमकेनी, कमेंटेटर सादराम, चंद्रकांत चौरसिया, अमित चौरसिया, हिमांशु प्रधान एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। आभार प्रदर्शन महेश प्रधान ने किया।



### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम हरदी के 2024 में अध्ययनरत कक्षा पांचवी के चंद्रिका बरिहा, आठवीं की अलीशा प्रधान, कक्षा दसवीं की काजल वैष्णव, कक्षा 12वीं की प्रकृति साहू को मेधावी छात्र सम्मान स्वर्गीय सुभाषचंद्र प्रधान की स्मृति में युगल किशोर प्रधान द्वारा एवं हरदी शिक्षा रत्न सम्मान संस्कृति साहू को तथा खेल रत्न सम्मान डॉ पूनमसिंह साहू व्याख्याता घरजरा को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

# निगम के नए आयुक्त विश्वदीप ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा
- नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने बुके देकर दी शुभकामनाएं

आईएएस अफसर विश्वदीप ने गुरुवार को निगम मुख्यालय में निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का पदभार संभाल लिया है। निवृत्तमान आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उन्हें पदभार सौंपा। श्री मिश्रा को धमतरी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जसदेव सिंह बाबरा सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिका निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी के प्रगति पर चर्चा की। नवपदस्थ आयुक्त ने 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभागार में आयोजित प्रथम सम्मिलन बैठक में प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# मोहरा के पूर्व सरपंच विश्राम का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- गांव के विकास के लिए एकता जरूरी : वर्मा

ग्राम पंचायत मोहरा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह में बुजुर्ग पूर्व सरपंच विश्राम वर्मा को श्रीफल एवं साल भेंट कर सरपंच तारिणी वर्मा ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में जातीय विद्वेष बढ़ा है, जिससे समाज कमजोर हुआ है। देश में कोई जाति नहीं केवल सभी भारतमाता के सपूत हैं। सभी एक दूसरे के सहोदर भ्राता हैं। गांवों में कलह है गांव बंट रहे हैं इसीलिए गांवों का विकास अवरुद्ध है। गांवों के विकास के लिए एकता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आर के वर्मा, विजय वर्मा छात्रधारी वर्मा कार्तिक राम वर्मा भुवन वर्मा डीगेश्वर यदु, कुलदीप धुरंधर अनिल वर्मा सुखनंदन चेलक परमेश्वर वर्मा, कृतराम वर्मा,साधराम नवरंगे पूर्व उपसरपंच राजेश वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सहित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- हर किसी के जीवन में खुशहाली लाने के लिए मॉडल गांव बनाने होगी पहल : तारणी

ग्राम पंचायत हिरमी मोहरा बरडीह भालेसुर मुसवाडीह कुथरौंद तिल्दाबांधा नेवारी फुलवारी परसवानी सहित आसपास की पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें सचिव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण जनता को आश्वस्त किया कि गांव के विकास में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। भालेसुर के नवनिर्वाचित सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने कहा कि आपसी एकता और भाईचारे के लिए जनता ने मुझे सरपंच के रूप में चुना है। ग्रामीणों की एकता और आपसी सहयोग से ही गांव का विकास संभव है। जिसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। मोहरा सरपंच तारणी वर्मा ने शपथ ग्रहण के उपरांत सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गाँव में बदलाव की बयार के साथ ही हर किसी के जीवन में खुशहाली लाने के लिए मॉडल गाँव बनाने की अनूठी पहल की जाएगी । इसके पीछे सोच यह है कि अगर देश को विकसित और खुशहाल बनाना है तो सबसे पहले अपने गाँवों का चहूंमुखी विकास करना होगा।



**ये रहे उपस्थित:** शपथ समारोह में टकेश्वर वर्मा सचिव चंद्रकुमार वर्मा, त्रिवेणी यादव शतरूपा नवरंगे नाम दास प्रमिला टंडन लक्ष्मी यादव बलिराम ध्रुव पिंकी ध्रुव रोहित रजक सुमित्र वर्मा मोहरा रोजगार सहायक सत्यनारायण टंडन सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा सविता साहू विजय सेन चमन लाल विनीता वर्मा पूर्णिमा धुरंधर मनीष वर्मा ईश्वरी वर्मा राजकुमार निर्मला वर्मा माया वर्मा आहोत्री वर्मा लक्ष्मी जांगड़े रामाधार चंदन डहरिया केरा बाई मंतोष डहरिया शोभा यदु सरस्वती डहरिया पूर्व उपसरपंच राजेश कुमार वर्मा परमेश्वर वर्मा भुवन वर्मा डीगेश्वर यादव अनिल वर्मा कुलदीप धुरंधर विजय वर्मा सहित पंचगंद व ग्रामीण उपस्थित थे।

# एयरटेल वालों ने किया पाइप लाइन डेमेज रमण मंदिर वार्ड के रहवासी रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित रमण मंदिर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में अचानक पीने के पानी की समस्या आ रही थी। वार्डवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के साथ वार्ड के समीप रेलवे स्टेशन के पास पाइप लाइन ट्रेस किया। उन्हें वहां पर पाइप लाइन में 2 जगह लीकेज मिले। यह लीकेज एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने के कार्य के दौरान पाइप लाइन डेमेज होने से हुआ है।

## ग्राम पंचायतों में प्रथम सम्मिलन ...



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत जिले के 5 विकासखण्डों के 517 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरपंच एवं पंचों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत 105 ग्राम पंचायत, भाटापारा के 91 ग्राम पंचायत, सिमगा के 104 ग्राम पंचायत, कसडोल के 115 ग्राम पंचायत एवं पलारी के 102 ग्राम पंचायत में प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया।

# पेट्रोल पंप संचालक से लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र के कमल विहार चौक के पास तीन दिन पूर्व सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कारोबारी की कार को बाइक से ठोकर मारकर उनके साथ विवाद कर लूट की थी।

हरीश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में बलराज मानिकपुरी उर्फ सन्नी, लोकेश यादव उर्फ लल्ला, कुलदीप सिंह उर्फ मोंटू को गिरफ्तार किया है। हरीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को अपनी कार से समता कालोनी स्थित घर जा रहा था।

इस दौरान बदमाशों ने उसकी कार को ठोकर मार दी और कार को ओवरटेक कर रोक लिया। फिर कारोबारी को कार से निकालकर उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और कारोबारी की जेब में रखे कैश 76 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। बलराज की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया।

## पेज 13 के शेष

### कुर्मी समाज महिलाओं...

कीर्ति वर्मा प्रशिक्षण देंगी महिला उत्थान के इस कार्य पर कुर्मी समाज के प्रदेश प्रधान खोड़स कश्यप तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा, महिला संरक्षक नंदनी खीचरिया, ममता पैकरा, नगर इकाई प्रमुख पुनीत वर्मा के साथ समस्त जाती बंधुओ ने बधाई देते हुए उक्त कार्य की प्रशंसा की।

### कुम्हारी जलाशय का ...

टीम का आभार व्यक्त किया है। यह कदम क्षेत्रीय विकास और ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ है। किसान संघर्ष समिति के संयोजक सदस्य रीकेश ने फोन से बताया कि हमारे गांव भटभेरा में पानी आना चालू हो गया है इसके अलावा लगभग उजीरपुर, बिटकुली तक पहुंच गया है मेरे गांव से निकल कर। कुम्हारी जलाशय का पानी लगभग 13 गांव में जा रहा है।

### जिले के 69398...

ओटीपी होती हो की आवश्यकता होगी। कृषक पंजीयन आईडी से ला कृषि ऋण आवेदन, कृषि योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का हस्तातरण फार्मर आईडी किसान कार्ड के आधार पर किया जाएगा। किसानों को आधार आधारित 11 अकों की एक यूनिक फार्मर आईडी विशिष्ट किसान आईडी मिलेगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान ...

पान, शिवांगी निषाद, रूपशिखा साहू, निशिता दीक्षित, पारुल रजोरिया, पावस पटेल, अपूर्वा ओगरे, अंकृति भिड़े, नदीस साहू, अनिल कुमार, योगिता देवांगन, ,सना करीम, आंचल कसार, जास्मि जोश, कृतिका वर्मा, पावेत्री साहू, अजय कुमार कुर्रे, प्रीति मिश्रा, लुकेश्वर उइके, विक्रम आडिल, आकाश परिहार, अमर बर्मन उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ग्राम पंचायत खपरी...

वर्षो से खेती की जा रही है। तथा चुनाव हेतु दाखिल नामांकन में इस बात को छुपाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार सरपंच द्वारा अवैध कब्जा की गई जमीन पर शासन की योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब का कार्य स्वीकृत हुआ है। आवेदन पत्र में नवनिर्वाचित सरपंच को पद से बर्खास्त करने की मांग भी रखी गई है। आवेदन पत्र में हस्तारक्षर करने वालो में पंचगण लीला घृतलहरे, रूपेन्द्र ध्रुव, जया बाई कमल, मंगल प्रसाद बारले, गदवरी ध्रुव, खेलवंतीन बारले के अलावा दो दर्जन से अधिक ग्रामवासियों के हस्ताक्षर है।

### रामबालकदास का प्रवचन...

साहू, यादव लाल, सुकदेव साहू, प्रकाश वर्मा, हर्ष वर्मा, सोनू वर्मा, दिलेश्वर वैष्णव, पप्पू साहू, पुरूशोत्तम सेन, हरीशंकर वर्मा, कोमल मानिकपुरी, उमेन्द वर्मा, केशव साहू, कौसलेन्द्र साहू, आशीष वर्मा, धनेश्वर वर्मा, लखेश्वर साहू, संजय वर्मा, रामायण वर्मा, मोनू मानिकपुरी, हेमंत वर्मा, भुपेन्द्र वर्मा, मिथलेश साहू , नरेन्द्र साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### उत्पादित फसल का

उत्पादित होने वाली फसलों का एक नक्शा बोर्ड जिला कलेक्टर कार्यालय में चस्पा किया गया है, जिसे देखकर हर व्यक्ति तारीफ करता है और कर रहा है। कलेक्टर कार्यालय आने वालों को पहली बार जानकारी मिल रहा है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में विभिन्न प्रकार के अनाज कृषकों द्वारा उत्पादित किया जाता है। कहीं धान, कहीं गेहूं, कहीं चना, कहीं सरसों, कहीं गन्ना, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी। विविध प्रकार के फसल इस जिला में कृषकों द्वारा खेतों में उगाया जाता है। जिले के इस नक्शा बोर्ड में जिस फसल का उत्पादन जिस क्षेत्र में ज्यादा होता है। उस क्षेत्र में उस फसल को चिपकाया गया यह बोर्ड बेहतरीन और जानकारी से परिपूर्ण है। इससे ग्रामीण भी आसानी से समझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसका प्रदर्शन सारंगढ़ में राज्योत्सव 2024 में किया गया था।

# जमीन अधिग्रहण कर एक साल पहले बनी सड़क मुआवजे के लिए अब तक भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग ने नवा रायपुर में ग्राम चेरिया से पौंता के बीच सड़क का निर्माण किया है। इस सड़क निर्माण कार्य में गांव के कुछ किसानों की जमीनें भी आ रही थीं, जिसका अधिग्रहण किया गया था।

इसके बाद ही यहां सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन इस सड़क को बने अब एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, पर अब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार लोक निर्माण विभाग के दफ्तर का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन्हें मुआवजा की जगह सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नवा रायपुर के ग्राम चेरिया से ग्राम पौंता के बीच करीब 4 किलोमीटर नई सड़क के निर्माण कार्य प्रस्ताव को स्वीकृति मिली थी। इस सड़क का निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई थी, लेकिन सड़क के निर्माण में ग्राम चेरिया के कुछ किसानों की जमीनों के कुछ हिस्से भी आ रहे थे। जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण में आ रही थी, उन किसानों को प्रशासन द्वारा भरोसा दिया गया था कि जितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी, उसके बदले उन्हें मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन सड़क का निर्माण होने के एक साल बाद भी गांव के 5 किसानों को मुआवजा राशि मिल नहीं पाई है। ये किसान लगातार मुआवजा राशि को लेकर विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। प्रभावित किसानों में सोनसाय तारक, पुनीतराम पाल, मधु ध्रुव एवं अन्य दो शामिल हैं।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025

12 ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेंगची...


14 स्वच्छाग्राहियों ने संभाली सफाई की कमान...




# कुर्मी समाज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दे रहा सिलाई का मुफ्त प्रशिक्षण



महिला दिवस विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

कुर्मी समाज द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दे रहा सिलाई का मुफ्त प्रशिक्षण। खरोरा के वार्ड नंबर 11 में मनवा कुर्मी समाज तिल्दा राज के महिला अध्यक्ष व पार्षद रश्मि वर्मा ने निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। रश्मि वर्मा ने प्रशिक्षण कि इस केंद्र में सर्व समाज की महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा, ताकि वे अपने घर-परिवार को आर्थिक परेशानियों से दूर रख सकें। सिलाई प्रशिक्षक ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ प्रशिक्षण पाकर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही महिलाएं

## महिला दिवस पर भाटापारा की गौरव राशि रखेगी अपने विचार



■ छात्रा संसद दिल्ली में राशि त्रिवेदी करेंगी छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

भाटापारा। राष्ट्रीय सेवा योजना व अन्य संगठन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका व दायित्व का निर्वहन कर रही है। राशि त्रिवेदी जिनका निवास भाटापारा में है बिलासपुर से अध्ययन कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में प्रदेश के प्रमुख दायित्व मे वर्तमान में है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 10 मार्च को दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रा संसद का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है पूरे देश भर में छात्रा प्रतिनिधित्व को बढ़ाना वह उन्हें अपनी बात रखने का एक राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना हैं। छात्रा संसद के लिए पूरे प्रदेश भर में सर्वे अभियान चलाया गया था जिसके माध्यम से छात्राओं की समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया। दिल्ली में आयोजित होने जा रहे छात्रा संसद में पूरे देश भर की छात्रा प्रतिनिधित्व करता शामिल होंगे और महिलाओं से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा करेंगी। इस छात्रा संसद में सम्मिलित होने के लिए भाटापारा की राशि त्रिवेदी का भी चयन हुआ है। राशि वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य व एक शोधार्थी हैं। महिला सशक्तिकरण हेतु किए गए उनके प्रयासों के कारण राशि को वर्ष 2022 में नारी शक्ति शिखर सम्मान वह वर्ष 2023 में राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।

## खबर संक्षेप

### शराब के पौवा से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार



**सिमगा।** शराब के पौवा से सिर में प्राण घातक वारकर चोंट पहुंचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी खिलेश्वर साहू उम्र 22 वर्ष निवासी दुलदुला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 5 मार्च को वह शराब खरीदने गया था। जहां काउंटर पर आरोपी दुर्गेश यदू भी शराब लेने के लिए खड़ा था, इसी काउंटर पर एक और व्यक्ति भूपेश टंडन शराब ले रहा था, कि इसी बीच शराब लेने की बात पर वाद विवाद होकर दुर्गेश यदू द्वारा जान से मारने की नियत से अपने हाथ में रखे देसी शराब के पौवा से प्राण घातक हमला करते हुए भूपेंद्र टंडन के ऊपर दो-तीन बार वार किया गया। जिससे उसके सिर, बायें कनपटी एवं गाल में गंभीर चोटें आने से खून निकलने लगा। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर धारा 109 बीएनएस के तहत विवेचना में लिया गया। मामले में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दुर्गेश कुमार यदू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम केंवतरा थाना खरोरा जिला रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पेंशन धारी कल्याण संघ बैठक 10 को

**हथबंद।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील इकाई सिमगा की बैठक पेंशनर भवन हथबंद में 10 मार्च सोमवार को 2 बजे आयोजित की गई है। जिसमें नवगठित जिला इकाई बलौदाबाजार की समीक्षा की जावेगी। मार्च में जन्मे पेंशनरों का जन्म दिन मनाया जायेगा। पेंशन राहत की जानकारी दी जावेगी। नये पेंशनरों का अभिनंदन किया जायेगा। संघ के सचिव मुबारक हुसैन ने तहसील के पेंशनरों को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### रामबालकदास का प्रवचन होगा 9 को

**बलौदबाजार।** ग्राम मोपका महामाया चौक में पंचदिवसीय अखंड नवधा रामायण का आयोजन 5 मार्च से किया जा रहा है। इस अवसर पर मां कौशिल्या जन्मभूमि मंदिर के संचालक रामबालकदास महात्यागी 9 मार्च को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक अपना दिव्य प्रवचन देंगे। समिति के सदस्य संतोष वैष्णव के द्वारा सभी धर्मानुरागी मानस प्रेमियों भक्तजन से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम में समिति के सदस्य सुन्दर लाल साहू, दयालू राम वर्मा, तेजराम वर्मा, भरत वर्मा, आजूराम वर्मा, कुलदीप वर्मा, भोलाराम साहू, लेखराम वर्मा, टीकाराम वर्मा, गया राम वर्मा, छल्लाराजा, गुड्डू वर्मा, लोकनाथ वर्मा, किशोर वर्मा, अरविंद वर्मा, कौशल वर्मा, लिखेश, मेघनाथ रजक, रोहित साहू, सोमेन्द्र साहू, शैलेस फेकर, तेज प्रकाश धीवर, तुकाराम ▸▸ शेष पेज 12 पर

## नपा कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैए का खामियाजा न भुगते आमजन : अश्वनी

# ऑफिस समय में नदारद रहते हैं सरकारी नुमाइंदे, 13 कर्मचारियों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा में अश्वनी शर्मा के पालिका अध्यक्ष बनने के बाद कामकाज को लेकर कसावट शुरू हो गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर पालिका के जरिए आमजन को सुविधा मुहैया कराने सक्रिय रूप से काम शुरू कर दिया है। पालिका अध्यक्ष श्री शर्मा नियमित रूप से नगर पालिका परिषद कार्यालय भी पहुंच रहे हैं। इस बीच नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई है। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नाराजगी भरे लहजे में कहा कि नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैए का खामियाजा आमजन न भुगते। उन्होंने सीएमओ के जरिए 6 और 7 मार्च को पालिका के कुल 13 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिलवाया है।

■ अध्यक्ष ने नपा. अधिकारी कर्मचारियों को जारी कराया नोटिस

उल्लेखनीय है चुनाव के समय ही भाजपा प्रत्याशी रहते श्री अश्वनी शर्मा ने कहा था कि, यदि वे निर्वाचित होकर आते हैं तो नगर पालिका परिषद के माध्यम से जनसुविधाओं को दुरुस्त करने की दिशा में काम होगा। बड़ी जीत के बाद नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालते ही अपने वायदों को निभाने को लेकर उनकी सक्रियता भी देखी जा रही है। इस कड़ी में वे नियमित कार्यालय पहुंच रहे हैं और अपनी समस्या लेकर पहुंचने वालों से मुलाकात कर उनका निदान का प्रयास कर रहे हैं लेकिन नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने नाराजगी जताई है। इस कड़ी में 7 मार्च को कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं होने वालों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी कराया गया है। दूसरी ओर श्री शर्मा ने मीडिया के माध्यम से संदेश दिया कि, भाटापारा में पूर्ववर्ती पालिका अध्यक्ष और उनके नेताओं की उदासीनता या शह देने से नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये से काम कर रहे हैं। इसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।

### कार्यालय समय पर नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी



#### जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होना पड़ेगा

अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा, अब तक नगर पालिका में जो चला वह अब नहीं चलेगा। पालिका अध्यक्ष के रूप में वे स्वयं और पार्षदगण जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी पूरी जवाबदेहिता से काम करेंगे तो पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को भी अपने कर्तव्य, अपनी जिम्मेदारी के लिए गंभीर होना पड़ेगा। जो भी काम को लेकर लापरवाही करता है या उदासीन रवैया अपनाता है तो भाटापारा नगर पालिका परिषद में उनके लिए जगह नहीं रहेगी।

#### समय पर नहीं हो रहे उपस्थित

अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे। जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है और आमजन परेशान होते हैं। हम व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

**-अश्वनी शर्मा**, नपा अध्यक्ष, भाटापारा

# कुम्हारी जलाशय का गेट खुला

## तालाबों में पानी भरना शुरू



खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

अंचल क्षेत्र में निस्तारीकरण के लिए पानी की भारी कमी से परेशान ग्रामीणों ने कुम्हारी जलाशय से गेट खोलने की मांग की थी। इस मुद्दे को लेकर किसान संघर्ष समिति ने कई बार बैठक किए गए अधिकारियों को समस्या से अवगत भी कराया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा गोलमोल और टालमटोल जवाब मिलने के कारण ग्रामीणों में गहरी निराशा थी।

समस्या के समाधान के लिए 3 मार्च को प्रकाशित निस्तारीकरण के लिए कुम्हारी जलाशय के गेट खोलने की ग्रामीणों ने की मांग विषय के साथ हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। समाचार के प्रकाशित होते ही अधिकारियों द्वारा कुम्हारी जलाशय के बांध के गेट को खोलने का निर्णय लिया गया। इसके परिणामस्वरूप, गांवों के तालाबों में पानी भरना शुरू हो गया, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हुआ। इस निर्णय से किसानों और ग्रामीणों में खुशी की लहर है, क्योंकि अब उन्हें पानी की समस्या से राहत मिली है। किसान संघर्ष समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए हरिभूमि ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ ग्रामीणों की समस्या का हुआ समाधान

# जिले के 69398 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कृषि विभाग द्वारा कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर के तहत एक महत्वपूर्ण पहल किया गया है जिसका उद्देश्य कृषि स्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है। इस पंजीयन के माध्यम से सरकारी योजनाएं और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलता पूर्वक पहुंचे। योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। अब तक जिले के 69398 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। फार्मर आईडी बनाने के लिए जिले में सभी किसानों का निःशुल्क पंजीयन लोक सेवा केन्द्र सीएससी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। जिसमें कृषि विभाग से संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं राजस्व विभाग से पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। फार्मर आईडी बनवाने के लिए अनिवार्य दस्तावेज—किसान को अपने सभी भूमि का बी—1 खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाईल नंबर जिसमें आधार सत्यापन ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य में आदित्य अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भरत देवांगन शासकीय विद्यालय खरोरा में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अध्ययनरत छात्र आदित्य देवांगन ने भारतीय संस्कृति के ज्ञान परीक्षा में भाग लेकर राज्य में अव्वल रहे। संस्था से कुल 349 छात्र- छात्राएं पंजीकृत होकर परीक्षा में हिस्सा लिए थे। परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। भारतीय संस्कृति ज्ञान के परीक्षा का उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे भारतीय संस्कृति के तथ्यों से अवगत हों। उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात कर सकें। उक्त परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने पर छात्र आदित्य देवांगन को विद्यालय परिवार प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीताजंली ▸▸ शेष पेज 12 पर



■ अखिल विश्व गायत्री परिवार ने कराया था आयोजित

# ग्राम पंचायत खपरी-भ के सात वार्ड के निर्वाचित पंचों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत खपरी भ के आश्रित ग्राम तमोरी के मतदाताओं द्वारा स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर पंचायत चुनाव के दौरान मतदान का बहिष्कार किया गया था। तथा इस निर्णय की जानकारी चुनाव के पूर्व अनुविभागीय अधिकारी को दी गई थी। लेकिन उक्त सूचना मिलने के बावजूद कोई कार्यवाही नही किये जाने से ग्रामवासी आक्रोशित है। तथा अब 7 मार्च शुक्रवार जिलाधीश को आवेदन देकर बताया गया है कि खपरी-भ के लोगों द्वारा कपट पूर्वक राजनीति करने एवं विकास कार्यो में किए जा रहे पक्षपात के कारण अश्रित ग्राम तमारी के निवासियों को परेशान होकर चुनाव का बहिष्कार करने बाध्य होना पड़ा था। ग्रामवासियों ने जिलाधीश को सौंपे गए आवेदन पत्र में उपसरपंच के निर्वाचन प्रक्रिया को रोकने की मांग करते हुए यह भी कहा गया है कि ग्राम पंचायत खपरी भ के नवनिर्वाचित सरपंच के द्वारा शासकीय घास जमीन पर अवैध कब्जा कर कई ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ कलेक्टर को आवेदन देकर उपसरपंच निर्वाचन प्रक्रिया को रोकने की मांग की



## आधुनिकता के दौर पर त्योहार की चमक पड़ रही फीकी

# सुनाई नहीं दे रही नगाड़े की थाप, विलुप्त हो रही फाग की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

आधुनिकता के इस दौर में कई त्यौहार ऐसे होते हैं जिसमें पारंपरिक बाजे के बिना हुआ अधूरा सा लगता है।एक ऐसा त्यौहार होली है, जिसमें पारंपरिक बाजार नंगाड़ा की धुन सुन बिना यह त्योहार पूर्ण नहीं होता है। 6 दिनों बाद होली का त्यौहार मनाया जाना है, होली का त्यौहार आने को है लेकिन माहौल होली के त्योहार को लेकर फीका नजर आ रहा है। न कहीं नगाड़े की थाप सुनाई दे रही है और न कहीं फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही है।

बसंत पंचमी से ही नगाड़ों की थाप की आवाज सुनाई देती थी। लेकिन इस वर्ष अब तक क्षेत्र में नगाड़े बिकना भी शुरू नहीं हुआ है। होली के पखवाड़े भर पहले से ही गांव व शहर में फाग गीत नगाड़ों की धुन के साथ ही सुनाई देती थी। लेकिन इस साल कहीं भी नगाड़े की थाप सुनाई नहीं दे रहा है। रंगों का पर्व होली को अब कुछ ही दिन बचे हैं। परंतु गांव से लेकर शहरों तक था फागुन का रंग नजर नहीं आ रहा है।



स्थिति यह है कि मोहल्लों में नगाड़ों की धूम से लेकर बाजारो में भी रौनक गायब दिखाई दे रही है । होलिका दहन को लेकर युवाओं की तैयारियां भी अभी तक फीकी है। सर्वजनिक, स्थल चौक, चौराहे में नगाड़ों की थाप सुनाई देता था। अब ऐसा नजर नहीं आ रहा है। भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों का झुकाव कम देखने को मिल रहा है। अभी तक बाजार में न तो और रंग गुलाल की दुकान सजी है न कोई जगह नगाड़े बिक रहे हैं । आधुनिकता के इस दौर पर सब तीज त्यौहार की चमक फीकी पड़ती जा रही है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी

अभी बोर्ड कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा चल रही है । इस कारण बच्चे होली त्यौहार की तैयारियों से दूर परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। परीक्षाओं के कारण होलिका दहन के साथ ही रंग गुलाल से दूरी बना बनाते हुए परीक्षा की तैयारियों इन दिनों बच्चे में व्यस्त है। इसीलिए भी इस बार होली का माहौल नजर नहीं आ रहा हैं।

### आधुनिकता ने छीनी परंपरा

आप समय के साथ लोगों के विचार बदल रहे हैं । और परंपरा समाप्ति की ओर है। लोगों के कान अब फाग गीत सुनने के लिए तरस रहे हैं । होली केवल पारंपरिक त्यौहार बनकर रह गया है। आधुनिकता के रंग में अब रंगों का त्योहार भी फीका साबित हो रहा है।

# उत्पादित फसल का नक्शा बोर्ड आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कृषि विभाग द्वारा बनाए गए स्थान और उत्पादित फसल का नक्शा बोर्ड आकर्षण का केंद्र है। यह सारंगढ़ कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर सुसज्जित है। जिले के भौगोलिक वातावरण अद्भुत अद्वितीय और अनुपम है। यह तीन तरफ पहाड़ों से घिरा और एक तरफ महानदी की कल कल बहती जलधारा, कहीं झरने तो कहीं आकाश को छूती पर्वत श्रृंखला तो वहीं सारंगढ़ जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से भी बहुत बड़ा है और यहां विविध प्रकार के फसल, किसानों के द्वारा खेतों में उगाए जाते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक श्रीवास्तव द्वारा पूरे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर कृषि विभाग ने कराया है तैयार

# गिरौदपुरी मेले के सफल संचालन पर कलेक्टर ने दी बधाई, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गिरौदपुरी धाम में 4 से 6 मार्च तक आयोजित गिरौदपुरी मेले का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मेले के उत्कृष्ट संचालन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने अधिकारियों, कर्मचारियों और मेला समिति को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र मेला रहता है। इस वर्ष भी मेले का आयोजन भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन और मेला समिति के बेहतर प्रबंधन के कारण मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि मेले के सफल संचालन में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में सभी की सहभागिता आवश्यक होती है, जिससे श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की गरिमा बनी रहे। प्रशासन ने मेले के दौरान सभी आवश्यक सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।



## स्वच्छाग्राहियों ने संभाली सफाई की कमान, की साफ- सफाई

**बलौदाबाजार।** गिरौदपुरी में आयोजित मेले के समापन पश्चात स्वच्छाग्रही दल ने स्वच्छता अभियान की कमान संभाल ली। समर्पित स्वच्छाग्रहियों ने मेला परिसर की सफाई कर उसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे थे, जिससे परिसर में काफी मात्र में कचरा एकत्र हो गया था, लेकिन स्वच्छाग्राहियों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे परिसर की सफाई की। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वच्छाग्राहियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जागरूकता और सहभागिता से ही स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी। स्वच्छाग्राहियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं। प्रशासन ने इस पहल को सफल बनाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मोहरा में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**हिरमी रावन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 9 मार्च को मोहरा की गौठान चौक पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्त आयोजन महिलाओं एवं लड़कियों का उत्साह बढ़ाने के लिये किया जा रहा है। जिसमें जलेबी दौड़ और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया है । जलेबी दौड़ कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 1001 रुपए द्वितीय पुरस्कार 751 रुपए तृतीय पुरस्कार 501 रुपए चतुर्थ पुरस्कार 251 रुपए रखा गया है। वहीं कुर्सी दौड़ प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए चतुर्थ पुरस्कार 501 रुपए ईनाम रखा गया है कार्यक्रम सुबह 10 बजे से गौठान चौक मोहरा में प्रारंभ हो जाएगा ।इसके अलावा 9 मार्च को शाम में इंडिया एवं न्यूजीलैंड का मैच प्रोजेक्टर में देखने का भी विशेष व्यवस्था है ।

### खट्टा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**पटेवा।** ग्राम खट्टा में स्व. राधाबाई नायक की स्मृति में 5 मार्च से 12 मार्च तक श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका साध्वी राधिका किशोरी धाम अयोध्या है। कथा सुनने आसपास के श्रद्धालुगण भारी संख्या में पहुंच कर लाभ ले रहे है। आयोजक खेमराज नायक, गायत्री बाई नायक, चुनु नायक, दिलीप नायक, गणेश नायक, गोकुल नायक एवं रूखमणी नायक है।

### 14 को होली पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए शुक्रवार 14 मार्च 2025 को होली पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने होली के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भण्डारण भांडागार महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

## सियासत : अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी का फार्म हुआ निरस्त

# जपं कसडोल की कुसुम बनीं निर्विरोध अध्यक्ष, देवानंद चुने गए उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ । अध्यक्ष पद के लिए कुसुम पैकरा को निर्विरोध चुना गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने के कारण चुनाव करना पड़ा, जिसमें देवानंद नायक ने भारी मतों से जीत हासिल की।

- उपाध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी होने के कारण हुआ मतदान

ज्ञात हो कि शुक्रवार 7 मार्च को जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव तिथि निर्धारित किया गया था जिसके निर्धारित समय अनुसार 11 बजे अध्यक्ष पद के लिए आवेदन भरने आमंत्रित किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी सुमन पैकरा एवं लीजा सिद्धांत मिश्रा ने अपना नामांकन दाखिल किया। चूंकि कसडोल जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित था जिसके कारण लीजा सिद्धांत मिश्रा का नामांकन रद्द हो गया। और एक ही प्रत्याशी होने के कारण सुमन पैकरा को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित कर दिया गया । वही उपाध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय अनुसार तीन बजे नामांकन आमंत्रित किया गया जिसमें भी देवानंद नायक और नीलू राज साहू दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया जिसमें देवानंद नायक को 19 मत प्राप्त हुआ और नीलू राज साहू को 6 मत प्राप्त हुआ। इस तरह देवानंद नायक उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित कर दिया गया।उक्त जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राम रतन दुबे ने दी।





### मना जश्न

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के शांति पूर्ण निर्वाचन के लिए प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी । निर्वाचन पश्चात निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर एवं पटाखे फोड़ कर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए खुशियां मनाई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा पर्यवेक्षक डॉ अजय राव, पूर्व विधायक बलौदाबाजार पम्मू शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव , भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी, एम एल वर्मा, नवीन मिश्रा एवं भाजपा के स्थानीय सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### का शपथ ग्रहण समारोह आज

**बलौदाबाजार।** नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक जैन सहित पार्षद आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व खेल,युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा के अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष आनंद यादव विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह का आयोजन शनिवार को दोपहर तीन बजे नगर के रायपुर मार्ग स्थित जिला आडिटोरियम में रखा गया है। जिसमें नगरवासियों से शामिल होने की अपील की गई है।



# बालसमुंद तालाब का पानी आम निस्तारी के लिए सुरक्षित रखना पहली प्राथमिकताः गोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी के प्रसिद्ध तालाब बालसमुंद में गर्मी से पहले जलस्तर कम हो गया है। गौरतलब है कि गर्मी से पहले नगर के तालाबों का पानी नहाने लायक नहीं रहता। पूरे नगरवासी सहित पास के गांव बलौदी, छेरकाडीह के लोग बालसमुँद तालाब में ही निस्तारी करते हैं। वही कुछ किसानों द्वारा रबी फसल के लिए सिंचाई की जा रही है। जिस कारण बालसमुंद तालाब तेजी सूख रहा है। बालसमुंद के लगातार घटते जलस्तर और सूखा होने से नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नगरवासियों की मांग पर नपं अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को जानकारी देकर तत्काल दोनों निकासी गेट को बंद कराया है।

- गर्मी से पहले ही जलस्तर गिरा

श्री साहू ने कहा कि कुछ किसानों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए बालसमुंद तालाब के पानी से रबी फसल की सिंचाई कर रहे हैं। बिना किसी अनुमति के निकासी गेट को खोलकर खेतों में सिंचाई किया गया है। जिसके कारण बालसमुंद तालाब का पानी तेजी से कम हो रहा है। कुछ किसानों के निजी स्वार्थ के चलते पूरे नगरवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ा है। आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए तथा नगरवासियों के हित के लिए तुरंत कार्रवाई करने निर्देश दिया तथा गेट को बंद कराया । नपं अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि बालसमुन्द तालाब का पानी आम निस्तारी के लिए सुरक्षित रखना मेरा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने रबी फसल लगाने वाले किसानों की बैठक लेकर जल स्तर कम होने पर सिंचाई नहीं करने बोला गया तथा आपसी सहमति से किसानों ने अब से सिंचाई नहीं करने की बात कही।

### नोटिस भेजकर जवाब मांगेंगे

वीरसिंह सब इंजीनियर सिंचाई विभाग ने कहा कि बिना अनुमति के बालसमुन्द तालाब से पानी निकासी किया गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर दोनों गेट को बंद किया गया है। रबी फसल के लिए तालाब से सिंचाई किया है उसे नोटिस भेज कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। जो भी इसमें दोषी होगा उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हाथ धुलाई गतिविधि कराकर स्वच्छ हाथ स्वस्थ शरीर का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले के विभिन्न ब्लॉकों के विभिन्न स्कूलों में स्काउटर गाइडर रोवर रेंजर के द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर हाथ धुलाई गतिविधि कराकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि हमारे हाथों के माध्यम से बहुत सारी गंदगी हमारे मुंह के अंदर जाती है। अगर हाथ गंदे रहेंगे तो शरीर बीमारियों का घर बन सकता है। जिले के विभिन्न ब्लॉक के स्काउटर एंड गाइडर रोवर रेंजर ने आसपास के स्कूलों में जाकर स्वच्छता का संदेश दिया और बताया कि हाथ धुलाई कितनी जरूरी है। अभियान में पलारी, सिमगा, भाटापारा ,कसड़ोल ,बलोदा बाजार ब्लॉक के स्काउटर गाइडर रोवर रेंजर के साथ–साथ जिले के पदाधिकारियों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। गतिविधि में 1500 बच्चों ने अपनी भागीदारी दिखाई।

- ब्लॉकों के विभिन्न स्कूलों में स्काउटर गाइडर रोवर रेंजर ने कराई
- 1500 बच्चों ने निभाई भागीदारी

### इनका रहा मार्गदशन

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी , जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव ,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ,कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला सचिव, डॉ. जगदीश कुमार साहू, संयुक्त जिला सचिव कीर्ति वर्मा के निर्देशानुसार कार्य किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड, नेहा उपाध्याय जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल जिला प्रशिक्षण गाइड रजनी कला पाटकर के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई गतिविधि को कराया।




# सलीहा में छात्र- छात्राओं को कराया न्योता भोज

**पवनी।** शासकीय प्राथमिक शाला डीपापारा सलिहा प्रधानपाठक संतोष कुमार श्रीवास के जन्मदिवस पर बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार न्योताभोज कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन संकुल केंद्र डीपापारा सलिहा के संकुल प्राचार्य हितेंद्र कुमार पांडे की उपस्थिति में किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पालक गण एवं सभी बच्चों को भोजन कराया गया। न्योता भोज में चावल, दाल, सब्जी, खीर, पुरी के अतिरिक्त मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री पांडे जी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सभी अपने शुभ अवसर पर न्योता भोज दें।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि जयसिंह नाग, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ठाकुर, विजय खुटे, संजू साहू पंच,अमित अजगले पंच, मनीष साहू संकुल समन्वयक, छतराम नेताम संकुल समन्वयक, जेपी गहिर, जीतराम डडसेना, कृष्ण नाग,बसंत पटेल, राजू साहू, धनेश्वर चंद्रा,टेक राम अमलीवर, लव कुमार भोई, मनहरण यादव, रामकुमार श्रीवास, मिथिलेश यादव, मालती पटेल, पंचमती बरिहा, नागेश्वर यादव सहित अन्य शामिल हुए।

# गिरौदपुरी मेला उमंग व सद्भाव के साथ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





ग्राम गिरौदपुरी में 4 से 6 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय मेला एवं संत समागम को गुरुवार को सम्पन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु घसीदास का आशीर्वाद लिया। मेले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सुविधाओं में विस्तार किया गया। श्री साय ने गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा भी की है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न होने में सहयोग के लिए मेला समिति, श्रद्धालुओं, मेला से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी एवं नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया है।

- तीन दिनों तक संत समागम भी हुआ

कलेक्टर श्री सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए परिसर में 36 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की गई। मेला में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया था जिसकी सहायता से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निराकरण किया गया।

3 अग्निशमन वाहन एवं 1 क्रेन की व्यवस्था की गई थी। वहीं पुरुष एवं महिला पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती थी। इसी तरह 24 स्थानों पर दाल–भात केन्द्र स्थापित किए गए थे, जिसमे प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 1004 श्रद्धालुओं एवं 3 दिनों में 72290 श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया। 8 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाया था जिसमें 115 मेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई थी 8 एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। ओपीडी के तौर पर 15129 श्रध्दालुओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### 24 घंटे साफ- सफाई की रही सुविधा

मेला में स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए पंचायत विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 24 घण्टे साफ–सफाई की व्यवस्था की गई। पूरे मेले स्थल को 10 जगहो में बांटा गया था। जिसमें लगभग 291 सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छाग्रही की ड्यूटी लगाई गई थी। मेला परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था पर श्रध्दालुओं ने संतोष व्यक्त किया। मेला परिसर में 195 टेप नल कनेक्शन, 14 स्थानों पर पेयजल एवं 20 स्थानों पर पानी टैंकर, 15 स्नानघर व 17 चलित सहित कुल 40 शौचालयों का व्यवस्था किया गया था।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।
पद - 10
योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक
वेतन : 12000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 7898815726
हरिभूमि कार्यालय
भाटापारा रोड, प्रेस क्लब, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार (छ.ग.)